Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 29-11-2005

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

>

Title : Need to open a 'Krishi Vigyan Kendra' at Hamirpur, Uttar Pradesh.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर-महोबा, उत्तर प्रदेश कृाि के क्षेत्र में बहुत पिछड़ा हुआ है। कृाि उत्पादन में वृद्धि करने के लिए वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की उचित जानकारी न होने के कारण क्षेत्र के किसान अपनी भूमि से सही समय पर उचित फसल का उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है। क्षेत्र के किसान काफी समय से इस क्षेत्र में कृाि अनुसंधान विज्ञान केन्द्र की स्थापना करने की मांग करते आ रहे हैं। हमीरपुर-महोबा में कृाि अनुसंधान विज्ञान केन्द्र खोलने की तुरन्त आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार हमीरपुर में कृाि अनुसंधान विज्ञान केन्द्र खोलने हेतु आवश्यक सहयोग करने के लिए तैयार है।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय कृाि मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखेंते हुए और उन्हें वैज्ञानिक तकनीक से खेती करने के बारे में जागरूक करने और उनकी मेहनत का सही उत्पादन हो सके और उनकी फसल का उन्हें उचित मूल्य मिल सके, इसके लिए इस क्षेत्र में कृाि अनुसंधान केन्द्र खोलने हेतु आवश्यक आदेश पारित करने का कट करें।